केन्द्रीय विद्यालय संगठन (मु.)
नई दिल्ली

प्रवेश सूचना 2023-24

1. शैक्षणिक सत्र 2023-24 के लिए केन्द्रीय विद्यालयों में कक्षा 1 में प्रवेश के लिए ऑनलाइन पंजीकरण दिनांक **27.03.2023** प्रातः 10:00 बजे से दिनांक **17.04.2023** सायं 07:00 बजे तक होगा। प्रवेश संबंधित विवरण वैबसाइट **https://kvsonlineadmission.kvs.gov.in** एवं **Android** मोबाइल ऐप दोनों के माध्यम से प्राप्त किया जा सकता है ।
2. कक्षा-I में प्रवेश के लिए न्यूनतम आयु 06 वर्ष होनी अनिवार्य है । सभी कक्षाओं के लिए आयु की गणना 31.03.2023 से होगी। कक्षाओं में सीटों का आरक्षण के.वि.सं. के प्रवेश दिशा-निर्देशों 2023-24 के अनुसार किया जाएगा जोकि **https://kvsangathan.nic.in** पर उपलब्ध हैं।
3. शैक्षणिक सत्र 2023-24 में कक्षा-1 के लिए ऑनलाइन प्रवेश के.वि.सं. की आधिकारिक एंड्रॉइड Mobile App एवं App को डाउनलोड तथा इंस्टॉल करने की प्रक्रिया से संबंधित निर्देश **https://kvsonlineadmission.kvs.gov.in/apps/** पर उपलब्ध होंगे। उपरोक्त App Google Play Store पर भी उपलब्ध होगा ।.अभिभावकों से अनुरोध है कि वे Portal और Mobile App का उपयोग करने से पहले निर्देशों का पालन सावधानी से करें।
4. कक्षा-II एवं ऊपर की कक्षाओं में स्थान रिक्त होने पर ही प्रवेश के लिए पंजीकरण **दिनांक 03.04.2023 (सोमवार) प्रातः 08:00 बजे से दिनांक 12.04.2023 (बुधवार) सायं 4:00 बजे तक** ऑफलाइन मोड (offline mode) द्वारा किया जा सकेगा। विधिवत भरे हुए फॉर्म को संबंधित के.वि. में प्राचार्य के कार्यालय में जमा करवाना होगा।
5. कक्षा-II और उससे ऊपर के लिए प्रवेश और पंजीकरण प्रपत्रों के बारे में सभी जानकारी विद्यालयों की वेबसाइट पर उपलब्ध है तथा प्रवेश हेतु पंजीकरण प्रवेश-2023-24 की अनुसूची के अनुसार किया जाएगा।
6. कक्षा-II एवं उससे ऊपर की कक्षाओं के लिए पंजीकरण तभी स्वीकृत किए जाएंगे जब संबंधित के.वि. में रिक्ति उपलब्ध होगी।
7. यदि आवेदन पत्र में कोई गलत, भ्रामक जानकारी दी गई है तो केवि में प्रवेश प्रक्रिया के दौरान प्रवेश निरस्त कर दिया जाएगा।
8. प्राचार्य / प्रवेश प्रभारी द्वारा विद्यालय में बुलाए जाने पर निर्धारित समय अंतराल में ही संपर्क करें।